| संदर्भीय साक्ष्य (नियम / दिशानिर्देश / रजिस्टर / शासकीय आदेश) | ➢ सर्व शिक्षा अभियान के क्रियान्वयन की रूपरेखा, अध्याय–4 (पृष्ठ 77–79) अध्याय–7 (पृष्ठ 112–115) (http://mhrd.gov.in/sites/upload_files/mhrd/files/upload_document/SSA-Frame-work.pdf)<br>➢ राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के क्रियान्वयन की रूपरेखा अध्याय–5 (पृष्ठ 36–37) (http://mhrd.gov.in/sites/upload_files/mhrd/files/upload_document/Framework_Final_RMSA_3 pdf)<br>➢ राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा–2005; अध्याय–5 (पृष्ठ 104–105) (http://www.ncert.nic.in/rightside/links/pdf/framework/english/nf2005.pdf)<br>➢ शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009; अध्याय–4 (क्लॉज 21 तथा 22, पृष्ठ 7) तथा VII (क्लॉज 35 तथा 38 पृष्ठ 10–11) (http://ssa.nic.in/rte-docs/free%20and%20compulsory.pdf)<br>➢ विद्यालय नेतृत्व विकास : राष्ट्रीय कार्यक्रम की रूपरेखा और पाठ्यचर्या का ढाँचा (http://mhrd.gov.in/sites/upload_files/mhrd/files/upload_document/SLDP_Framework_NCSL_NUEPA.pdf) |
| विद्यालय में उपलब्ध साक्ष्य | ➢ अभिलेख / लिखित / प्रदर्शित विद्यालयी सोच / लक्ष्य योजना<br>➢ विद्यालयी सोच / लक्ष्य के विकास और पुनरीक्षण से जुड़े सदस्यों का अभिलेख<br>➢ विद्यालय विकास योजना की प्रतिलिपि<br>➢ विद्यालय विकास योजना को बनाने में शामिल सदस्यों का अभिलेख, प्राथमिकता के क्षेत्रों की पहचान, कार्ययोजना का सृजन, समयबद्ध लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु उत्तरदायित्व का आबंटन<br>➢ विकास योजना क्रियान्वयन की नियमित निगरानी का रिकार्ड<br>➢ विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठकों का विवरण<br>➢ विद्यालय में वर्तमान प्रयासों तथा प्रक्रियाओं में सुधार के लिए हितधारकों के सुझाव प्राप्त करने हेतु भेजे गए परिपत्र<br>➢ विद्यालय में अध्यापकों के मूल्यांकन की प्रक्रिया का रिकार्ड, जिसमें अध्यापकों द्वारा स्वआकलन सहित, सहकर्मी समीक्षा, विद्यालय प्रमुख / प्रभारी आकलन चर्चाएँ और उसके पश्चात किए गए सुधारों का फीडबैक सम्मिलित है<br>➢ प्रत्येक अध्यापक के साथ प्रत्येक विषय के अपेक्षित परिणामों एवं पाठ्यचर्या मानकों की उपलब्धता (पाठ योजना के अनुसार)<br>➢ विभिन्न क्षेत्रों में मासिक आधार पर विद्यार्थियों की प्रगति रिपोर्ट<br>➢ अभिभावक–अध्यापक की सभी बैठकों, प्रत्येक विद्यार्थी की गतिविधियों पर अध्यापक की टिप्पणी और अभिभावकों के साथ बैठकों के दौरान उठने वाले बिन्दुओं का अध्यापक द्वारा रिकार्ड |

| | |
|---|---|
| साक्ष्य जिनकी विद्यालय को बनाने की आवश्यकता है | निम्नलिखित उपकरण/तकनीक का प्रयोग करके विद्यालय साक्ष्यों का निर्माण कर सकता है–<br>➢ विद्यालय–संसाधन, शिक्षण–अधिगम–प्रक्रिया, कक्षा–प्रबंधन के संदर्भ में विद्यालय-प्रमुख द्वारा कक्षा और विद्यालय के रिकार्ड का अवलोकन<br>➢ अध्यापकों को उनके निष्पादन पर दी गई फीडबैक (पृष्ठपोषण) का रिकार्ड |

## नवाचार

यदि विद्यालय के द्वारा इस आयाम के अंतर्गत कोई नवाचार किया गया है, तो उसे यहाँ लिखें–

## विद्यालय नेतृत्व और प्रबंधन

| मूल मानक | स्तर 1 | स्तर 2 | स्तर 3 |
|---|---|---|---|
| दृष्टिकोण निर्माण और दिशा निर्धारित करना | | | |
| परिवर्तन और सुधार के लिए नेतृत्व | | | |
| शिक्षण–अधिगम के लिए नेतृत्व | | | |
| विद्यालय–प्रबंधन के लिए नेतृत्व | | | |

## सुधार के लिये योजना

| मूल मानक | स्तर | सुधार के क्षेत्र | सुधार–क्षेत्र का प्राथमिकता क्रम | | | प्रस्तावित कार्य | समय–सीमा (उचित वर्ष पर (✓) निशान लगाएँ) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | निम्न | मध्यम | उच्च | | वर्ष–1 | वर्ष–2 | वर्ष–3 |
| दृष्टिकोण निर्माण और दिशा निर्धारित करना | | | | | | | | | |
| परिवर्तन और सुधार के लिए नेतृत्व | | | | | | | | | |
| शिक्षण–अधिगम के लिए नेतृत्व | | | | | | | | | |
| विद्यालय प्रबंधन के लिए नेतृत्व | | | | | | | | | |

# मुख्य आयाम VI

## समावेशन,
## स्वास्थ्य और सुरक्षा

# मुख्य आयाम VI

## समावेशन, स्वास्थ्य और सुरक्षा

### मुख्य आयाम के बारे में

शिक्षा के सर्वव्यापीकरण के आधार में यह विचार सम्मिलित है कि सभी बच्चे सीख सकते हैं। शिक्षा का अधिकार अधिनियम भी इस विचार की पुष्टि करता है कि सभी बच्चे अपने लिंग, जाति, सामाजिक एवं आर्थिक परिवेश में अंतर के बावजूद सीख सकते हैं। अतः विभिन्न परिवेश एवं परिस्थितियों से आने वाले बच्चों को स्कूली दायरे में समावेशित करने की आवश्यकता है। समावेशन का अर्थ केवल यह नहीं है कि सभी बच्चों को शिक्षा दें, बल्कि यह भी है कि सभी बच्चों को समान अवसर मिले ताकि समता के सिद्धांतों के नियमों का पालन हो सके। इसके अतिरिक्त सभी बच्चों को समान रूप से शिक्षा में शामिल करने के लिए हमें सभी बच्चों को सुरक्षित एवं स्वस्थ परिवेश देना होगा जिससे उनका शारीरिक एवं भावनात्मक विकास अच्छी तरह से सुनिश्चित हो सके। अतः यह आयाम विद्यालय में स्वास्थ्य, स्वच्छता, शारीरिक एवं मनौवैज्ञानिक सुरक्षा से संबंधित समुदाय के सर्वव्यापी एवं समावेशी परिवेश के बारे में बताता है।

## विचारणीय आधार–बिन्दु

**प्र.1.** 'समावेशन' से स्कूल क्या समझता है?

**प्र.2.** विद्यालय सभी बच्चों की शारीरिक एवं संवेगात्मक सुरक्षा के लिए वातावरण का निर्माण कैसे करता है?

**प्र.3.** अच्छा स्वास्थ्य एवं स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए विद्यालय द्वारा कौन–कौन से कदम उठाए जाते हैं?

**प्र.4.** स्कूल आपदा प्रबंधन के लिए खुद को किस प्रकार तैयार करता है?

**प्र.5.** स्कूल अपने परिसर के बाहर बच्चों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित करता है?

**प्र.6.** स्कूल आपदा प्रबंधन के लिए खुद को किस प्रकार तैयार करता है?

## तथ्यात्मक जानकारी

(यदि आवश्यक हो तो विद्यालय एक से अधिक विकल्प का चयन कर सकते हैं)

1. बच्चों की संख्या

   क) लड़के ____________ ख) लड़कियाँ____________ ग) अन्य ________________

2. स्कूल में विभिन्न वर्गों के बच्चों के नामांकन की संख्या

   क) अनुसूचित जाति ____ ख) जनजाति

   ग) अन्य पिछड़ा वर्ग _____ घ) गरीबी रेखा से नीचे/आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग ________

   ङ) सामान्य __________ च) विशेष आवश्यकता वाले बच्चे __________

3. क) स्कूल में विशेष आवश्यकता वाले नामांकित बच्चों की संख्या:

   ख) स्कूल में विभिन्न विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की संख्या जिन्हें सहायक उपकरण दिए गए हैं

4. स्कूल में निम्नलिखित वर्गों के बच्चों की संख्या जिन्हें छात्रवृत्ति दी गई है ...............

   क) विशेष आवश्यकता वाले बच्चे__________ ख) आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग ________

   ग) अनुसूचित जाति ________________ घ) पिछड़ी जाति____________________

   ङ) लड़कियाँ ______________________ च) जनजाति ____________________

5. i. क्या विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की सहायता के लिए संसाधन–व्यक्ति उपलब्ध हैं?

हाँ ☐ नहीं ☐

ii. बच्चों के लिए किन–किन क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित किए गए :

क) प्राथमिक उपचार ☐

ख) किशोरावस्था/यौन शिक्षा ☐

ग) मादक द्रव्यों के सेवन संबंधी जानकारी ☐

घ) सुरक्षा के लिए मॉक ड्रिल ☐

ङ) यातायात–सुरक्षा संबंधी कार्यक्रम ☐

6. क्या आपके स्कूल में भूकम्प, बाढ़, दृश्यनिर्माण आदि की स्थिति में आपातकालीन निकास योजना है?

हाँ ☐ नहीं ☐

7. यौन–उत्पीड़न संबंधित मामलों को सुलझाने के लिए बनाई गई समितियों की सूची : (यदि है तो)

____________________________________________

8. क्या स्कूल में बच्चों को परामर्श देने के लिए परामर्शदाता का प्रबन्ध है? हाँ ☐ नहीं ☐

9. क) पिछले वर्ष स्वास्थ्य जाँच किए गए बच्चों की संख्या ____________

ख) स्वास्थ्य जाँच में सम्मिलित क्षेत्रों का विवरण ____________

ग) पिछले वर्ष स्कूल द्वारा आयोजित शिविरों की संख्या

i) स्वास्थ्य/चिकित्सा संबंधित ____________

ii) एच.बी. जाँच संबंधित शिविर ____________

iii) यातायात-सुरक्षा जागरूकता संबंधी शिविर ____________

iv) स्वास्थ्य, साफ–सफाई एवं स्वच्छता जागरूकता संबंधी शिविर ____________

घ) i) स्वास्थ्य शिविर में स्वास्थ्य जाँचकर्ताओं (डॉक्टर्स) को बुलाए जाने की संख्या ________

ii) स्वास्थ्य जाँचकर्ताओं का विवरण ____________

____________________________________________

| मूल मानक | विवरण | | |
|---|---|---|---|
| | स्तर 1 | स्तर 2 | स्तर 3 |
| समावेशी संस्कृति | स्कूल सुनिश्चित करता है कि कोई भी बच्चा जाति, लिंग, भाषा, आर्थिक स्तर, निःशक्तता आदि के आधार पर प्रवेश से वंचित न रहे; विभिन्न परिवेश से जुड़े अभिभावकों को अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया जाता है। | अध्यापक अपनी कक्षा में क्रिया–कलापों, कक्षा–कार्य, बैठने की व्यवस्था आदि में जाति, लिंग, सामाजिक-आर्थिक परिवेश आदि के आधार पर बच्चों, अभिभावकों, सहपाठियों तथा अन्य स्टाफ के बीच समता (इक्विटी) बनाए रखते हैं; समता को बढ़ावा देने के लिए विशेष आवश्यकता वाले समूहों और बालिकाओं पर विशेष ध्यान देते हैं। | विभिन्न योग्यताओं एवं परिवेश के सभी बच्चों की आवश्यकताओं पर ध्यान दिया जाता है; उनका सम्मान किया जाता है; यह सुनिश्चित किया जाता है कि बच्चों में शारीरिक, संवेगात्मक और सीखने की योग्यताओं में विभिन्नता के बावजूद सभी को भाग लेने के समान अवसर प्राप्त हों; विभिन्न परिवेश से आनेवाले अभिभावकों को इस बात के लिए प्रेरित किया जाता है कि वे स्कूल प्रबन्धन समिति (SMC), विद्यालय विकास प्रबंधन समिति (SDMC) की बैठकों तथा विद्यालय की अन्य गति–विधियों में सक्रिय भाग लेते रहें। |
| विशेष आवश्यकता वाले बच्चों (सी. डब्ल्यू.एस.एन) का समावेशन | अध्यापक बच्चों की उन विशेष आवश्यकताओं से परिचित हैं जो आसानी से पहचानी जा सकती हैं; विद्यालय उनका अभिलेख (रिकार्ड) रखता है। जिन गतिविधियों के लिए स्कूल द्वारा वित्तीय सहायता और संसाधन उपलब्ध कराए जाते हैं, उनका रिकॉर्ड रखा जाता है एवं उनको प्रोत्साहन दिया जाता है। | 'निःशक्त व्यक्ति अधिनियम' से अध्यापक परिचित हैं, विशेष आवश्यकताओं को पहचानने और ऐसे बच्चों की सहायता के लिए संसाधन व्यक्ति की मदद ली जाती है। विशेष उपकरणों और पाठ्यसामग्री द्वारा अध्यापक बच्चों की आवश्यकताओं को पूरा करने की कोशिश करते हैं। अध्यापकों द्वारा सी.डब्ल्यू.एस. एन. के लिए पाठ्यक्रम में आवश्यक बदलाव करते हुए उपयुक्त सीखने एवं मूल्यांकन की विधियों का उपयोग किया जाता है। सी. डब्ल्यू. एस. एन.बच्चों के माता–पिता की सहमति के आधार पर निर्धारित किए गए सीखने के लक्ष्यों को पूरा किया जाता है। | विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की पहचान और ऐसे बच्चों की सहायता के लिए समुदाय और गैर–सरकारी संगठनों (NGOs) की सहायता ली जाती है; नियमित रूप से प्रगति की निगरानी कर उसका रिकॉर्ड रखा जाता है। विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को अन्य सामान्य बच्चों की कक्षा में शामिल किया जाता है और इसके लिए अध्यापकों को उचित प्रशिक्षण दिया जाता है; अध्यापक सी.डब्ल्यू.एस.एन. की सफलताओं की प्रेरणादायक कहानियाँ साझा करते हैं। |

| मूल मानक | विवरण | | |
|---|---|---|---|
| | स्तर 1 | स्तर 2 | स्तर 3 |
| भौतिक / प्राकृतिक सुरक्षा | विद्यालय–सुरक्षा के मौजूदा नियम–कानूनों का अनुपालन किया जाता है, इसमें सड़क–सुरक्षा और इमारत की सुरक्षा शामिल हैं; विद्यालय –भवन और परिसर में सुरक्षा के समुचित प्रबन्ध किए जाते हैं जैसे– आवश्यकतानुसार चेतावनी के लिए बोर्ड, आकस्मिक स्थिति में सम्पर्क के लिए आवश्यक फोन (मोबाइल) नंबर, आपातकालीन निकास, प्राथमिक चिकित्सा (फर्स्ट एड किट), आग बुझाने के उपकरण, आदि। | विद्यालय में खतरनाक पदार्थों के भंडारण और सुरक्षित उपयोग पर विशेष ध्यान दिया जाता है (विशेषकर शौचालय व प्रयोगशाला में); आगन्तुकों के आने–जाने पर निगरानी रखी जाती है; अनिवार्य सुरक्षा ड्रिल करवाई जाती है, आपात–स्थितियों से निपटने के लिए स्थानीय एजेंसियों से संबंध बनाए जाते हैं, कीड़े, मकोड़ों, चूहे, साँप, आवारा कुत्तों, आदि से भवन की सुरक्षा की व्यवस्था की जाती है; सुरक्षा के लिए सभी जिम्मेदारियाँ सौंपी जाती हैं, विद्यालय के आसपास दुर्घटना की आशंका वाले क्षेत्रों की पहचान कर वहाँ साइन–बोर्ड लगाए जाते हैं; दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में यातायात का सही संचालन करने के लिए विशेषकर भीड़–भाड़ के समय और जब ज़रूरत हो, कर्मचारी की उपस्थिति सुनिश्चित की जाती है। | सभी हितधारकों की सुरक्षा हेतु आपदा-प्रबंधन की जागरूकता के लिए अभियान चलाए जाते हैं; आपात स्थिति से निपटने की योजनाएँ तैयार रहती हैं जिसमें उचित संचार-तंत्र, इमारत की मरम्मत / रख–रखाव का प्रावधान, चूहे / कीड़े–मकोड़ों, आदि से सुरक्षा के प्रबन्ध किए जाते हैं समय–समय पर आपात स्थिति से निपटने की योजना की समीक्षा की जाती है; बच्चों को संवेदनशील बनाने के लिए सुरक्षा के तरीकों और बचाव पर गतिविधियाँ सेमिनार वर्कशॉप करवाई जाती हैं। शैक्षिक गतिविधियों में जागरूकता कार्यक्रम और सुरक्षा–ड्रिल सीखने–सिखाने की प्रक्रिया शामिल रहती है। यह भी सुनिश्चित किया जाता है कि बच्चों के स्कूल आने–जाने की व्यवस्था सुरक्षित है, यातायात–सुरक्षा के जागरूकता–कार्यक्रमों में सहभागिता की जाती है। |

| मूल मानक | विवरण | | |
|---|---|---|---|
| | स्तर 1 | स्तर 2 | स्तर 3 |
| मनोवैज्ञानिक सुरक्षा | स्कूल को बाल–उत्पीड़न और शोषण की नीति की जानकारी है; बच्चों से अपशब्द नहीं बोले जाते और न ही उन्हें शारीरिक दण्ड दिया जाता है। | स्कूल स्टाफ को यौन–शौषण/शारीरिक शोषण/मादक तत्वों के सेवन के लक्षणों की पहचान करने के लिए प्रशिक्षण दिया जाता है। बच्चों में अच्छे या बुरे स्पर्श की पहचान करने संबंधी जागरूकता विकसित की जाती है; किसी प्रकार की आपत्तिजनक प्रिंट या डिजिटल सामग्री स्कूल में न आने पाए, इसका ध्यान रखा जाता है; यह सुनिश्चित किया जाता है कि कोई बच्चा सुनसान/अँधेरे स्थान पर अकेले न छूट जाए; इस बात को भी सुनिश्चित किया जाता है कि बच्चों पर पाठ्यक्रम के बोझ का नकारात्मक एवं मनौवैज्ञानिक असर न पड़े। इसके लिए गृह कार्य/कक्षा–कार्य एवं आकलन में समुचित अंतर रखा जाता है; बच्चों एवं अभिभावकों की शिकायतों को दूर करने की व्यवस्था है; स्कूल में कार्यरत सभी लोगों की पृष्ठभूमि की जाँच की जाती है। | सभी बच्चों की संवेगात्मक सुरक्षा सुनियोजित विधि से की जाती है जिसमें शामिल हैं–बातचीत और परामर्श द्वारा बाल–उत्पीड़न से सम्बन्धित जागरूकता–निर्माण, किशोर एवं यौन शिक्षा, बाल–उत्पीड़न के कार्यक्रम, नियमित व्यक्तिगत परामर्श, शिकायत निराकरण के लिए बातचीत। भावात्मक सुरक्षा की नीति के क्रियान्वयन की नियमित जाँच और समीक्षा की जाती है; पढ़ाई एवं प्रदर्शन के भय व चिंता को कम करने के लिए बच्चों और उनके माता–पिता के लिए परामर्श सत्र आयोजित किए जाते हैं ताकि बच्चे समस्याओं से उभरने के तरीकों का विकास कर सकें। उपयुक्त आयु वर्ग के बच्चों के लिए नियमित व्यावसायिक परामर्श सत्रों का आयोजन किया जाता है। |

| मूल मानक | विवरण | | |
|---|---|---|---|
| | स्तर 1 | स्तर 2 | स्तर 3 |
| स्वास्थ्य और स्वच्छता | विद्यालय द्वारा समय–समय पर अपने परिसर की साफ़–सफ़ाई और बच्चों की व्यक्तिगत स्वच्छता की जाँच की जाती है; कचरे के लिए कूड़ेदान का प्रबन्ध किया जाता है; सभी बच्चों की लम्बाई और वजन का रिकॉर्ड रखा जाता है। | स्कूल में स्वास्थ्य,स्वच्छता और सफ़ाई की एक नीति निर्धारित है; परिसर की सभी सुविधाओं की साफ़–सफ़ाई नियमित रूप से सुनिश्चित की जाती है; मध्याह्न भोजन एवं व्यक्तिगत स्वच्छता की नियमित जाँच की जाती है, कचरे/अपशिष्ट पदार्थों के निपटारे के लिए उचित प्रावधान है; जागरूकता–निर्माण संबंधी कार्यक्रम कराए जाते हैं; बच्चों के स्वास्थ्य की स्थिति की जाँच करने के लिए बच्चों के शारीरिक–विकास संबंधी चार्ट तैयार किए जाते हैं; नियमित प्राथमिक स्वास्थ्य जाँच (दंत एवं दृष्टि समेत) की सुविधा प्रदान की जाती है। | स्कूल और शाला प्रबन्ध समिति मिलजुलकर स्वास्थ्य, बच्चों की व्यक्तिगत स्वच्छता और सफ़ाई की निगरानी करते हैं; माता–पिता/अभिभावकों के लिए स्वास्थ्य,और स्वच्छता पर कार्यशालाएँ आयोजित की जाती हैं। इन आयोजनों के लिए स्वास्थ्य–कर्मियों/चिकित्सकों/अन्य संस्थाओं को आमंत्रित किया जाता है। यदि बच्चों में कोई स्वास्थ्य संबंधी समस्या दिखाई देती है तो माता–पिता को अवगत कराया जाता है और उन्हें परामर्श दिया जाता है; जो बच्चे मादक द्रव्यों का सेवन करते हैं उनके लिए विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य सलाह देने का प्रबन्ध किया जाता है। |

## साक्ष्य–स्रोत

| | |
|---|---|
| संदर्भीय साक्ष्य (मानक / दिशानिर्देश / रजिस्टर / शासकीय आदेश) | ➢ राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान की रूपरेखा: अध्याय–4 (पृष्ठ 22–28), अध्याय–6 (पृष्ठ 42–47) (http://mhrd gov.in/sites/upload_files/mhrd/files/upload_document/Framework_Final_RMSA_3 pdf)<br>➢ सर्व शिक्षा अभियान की रूपरेखा ; अध्याय–3 (पृष्ठ 23–53) (http://mhrd.gov.in/sites/upload files/mhrd/files/upload document/SSA-Frame-work.pdf)<br>➢ राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा–2005; अध्याय–4 (पृष्ठ 78–100)(http://www.ncert.nic.in/rightside/links/pdf/framework/english/nf2005.pdf)<br>➢ शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 अध्याय–2 (क्लाज 3 पृष्ठ. 3), IV (क्लाज 17 पृष्ठ 6), VI (क्लाज 31 पृष्ठ 9) (http://ssa.nic.in/rte-docs/free%20and%20compulsory.pdf)<br>➢ स्वच्छ भारत स्वच्छ विद्यालय, 2014 (पृष्ठ 1–45) (http://mhrd.gov.in/sites/upload_files/mhrd/files/upload_document/Eng_Swachch-Bharat-Swachch-Vidhalaya.pdf)<br>➢ स्कूल सुरक्षा, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन अनुभाग (http://www.ndmindia.nic.in/School%20Safety%20Draft_Series1.0.pdf) |
| विद्यालय में उपलब्ध सहायक साक्ष्य | ➢ बच्चों की पृष्ठभूमि के विवरण सहित उनके दाखिले के रिकार्ड<br>➢ स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं समावेशन सम्बन्धी परियोजनाओं की सूची<br>➢ विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए वांछित एवं उपलब्ध पाठयक्रम सामग्री, सहायक सामग्री एवं उपकरणों का रिकार्ड<br>➢ विद्यालय के उन कार्यों, गतिविधियों एवं कार्यक्रमों की सूची जिनमें अभिभावक शामिल थे<br>➢ बाल–शोषण, 'अच्छा स्पर्श', 'बुरा स्पर्श' स्वास्थ्य एवं सुरक्षा आदि के मुद्दों के विद्यालय में प्रदर्शन के नमूने<br>➢ विद्यालय में आपातकालीन स्थिति के लिए प्रतिक्रिया की योजनाएँ<br>➢ बच्चों एवं अभिभावकों की शिकायतें प्राप्त करने का तरीका, विद्यालय में शिकायत बॉक्स की उपलब्धता<br>➢ बच्चों के व्यक्तिगत परामर्श सत्र के रिकार्ड<br>➢ बच्चों की स्वास्थ्य जाँच के रिकार्ड<br>➢ भवन सुरक्षा के लिए गए उठाए गए कदमों के रिकार्ड<br>➢ स्वच्छता जाँच के अभिलेख<br>➢ सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर जागरूकता निर्माण के कार्यक्रमों के रिकार्ड<br>➢ विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की शिक्षकों द्वारा पहचान की गई आवश्यकताओं की सूची<br>➢ जेंडर जागरूकता कार्ड |
| साक्ष्य जिनकी विद्यालय को बनाने की आवश्यकता है | निम्नलिखित का प्रयोग करके विद्यालय साक्ष्यों का निर्माण कर सकता है:<br>➢ स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं समावेशन के सम्बन्ध में विद्यालय का अवलोकन<br>➢ सभी बच्चों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अभिभावकों, बच्चों एवं समुदाय के साथ बातचीत |

## नवाचार

यदि विद्यालय के द्वारा इस आयाम के अंतर्गत कोई नवाचार किया गया है, तो उसे यहाँ लिखें–

## उत्तर सारिणी

### समावेशन, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा

| मूल मानक | स्तर 1 | स्तर 2 | स्तर 3 |
|---|---|---|---|
| समावेशी संस्कृति | | | |
| विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का समावेशन | | | |
| भौतिक/प्राकृतिक सुरक्षा | | | |
| मनोवैज्ञानिक सुरक्षा | | | |
| स्वास्थ्य एवं स्वच्छता | | | |

## सुधार के लिए योजना

| मूल मानक | स्तर | सुधार के क्षेत्र | सुधार–क्षेत्र में प्राथमिकता क्रम | | | प्रस्तावित कार्य | समय–सीमा (उचित वर्ष पर (✓) निशान लगाएँ) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | निम्न | मध्यम | उच्च | | वर्ष–1 | वर्ष–2 | वर्ष–3 |
| समावेशी संस्कृति | | | | | | | | | |
| विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का समावेशन | | | | | | | | | |
| भौतिक / प्राकृतिक सुरक्षा | | | | | | | | | |
| मनोवैज्ञानिक सुरक्षा | | | | | | | | | |
| स्वास्थ्य एवं स्वच्छता | | | | | | | | | |

# मुख्य आयाम VII

## समुदाय की गुणात्मक सहभागिता



## मुख्य आयाम VII

# समुदाय की गुणात्मक सहभागिता

## मुख्य आयाम के बारे में

'समुदाय' से अभिप्राय विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों, अध्यापकों, बच्चों, माता–पिता/अभिभावकों, स्थानीय निवासियों, संबंधित सांस्कृतिक संगठनों और गैर–सरकारी संगठनों (NGOs) से है। विद्यालय के विकास के लिए समुदाय के सदस्यों के साथ मिलजुलकर कार्य करना अत्यन्त महत्वपूर्ण है। विद्यालय को अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए समुदाय के सहयोग की आवश्यकता होती है। विद्यालय का समुदाय के साथ सक्रिय रूप से कार्य करना विद्यालय के संसाधनों का अधिकतम उपयोग, बच्चों का समग्र विकास और विद्यालय के बेहतर प्रबंधन को सुनिश्चित करता है। अतः विद्यालय को समुदाय के साथ सार्थक संबंध बनाने की आवश्यकता होती है जिससे विद्यालय और समुदाय दोनों लाभान्वित हो सकें। योजना बनाने, क्रियान्वयन करने, संसाधनों का उपयोग करने और निरीक्षण करने जैसे क्षेत्रों/कार्यविधियों में विद्यालय प्रबंधन में सहभागिता करने के लिए प्रत्येक विद्यालय में विद्यालय प्रबंधन समिति/विद्यालय विकास प्रबंधन समिति का गठन किया गया है। बच्चों के नामांकन, प्रतिधारण (रिटेंशन) शिक्षण–अधिगम परिणामों को सुधारने में भी यह प्रमुख भूमिका निभाती है।

## विचारणीय आधार–बिन्दु

**प्र.1.** समुदाय/विद्यालय-प्रबंधन-समिति/विद्यालय विकास प्रबंधन समिति का विद्यालय के लिए योजना बनाने और प्रबंधन में क्या योगदान है?

**प्र.2.** समुदाय/विद्यालय–प्रबंधन–समिति/विद्यालय विकास प्रबंधन समिति विद्यालय में शिक्षण–अधिगम प्रक्रियाओं और अधिगम परिणामों को सुधारने में क्या भूमिका निभाती है?

**प्र.3.** विद्यालय ने समुदाय के साथ क्या संबंध बनाए हैं?

**प्र.4.** विद्यालय अपने विकास के लिए समुदाय के संसाधनों का उपयोग किस प्रकार से करता है?

**प्र.5.** विद्यालय के विकास के लिए समुदाय संसाधनों का उपयोग किस प्रकार से करता है?

## तथ्यात्मक जानकारी

(यदि आवश्यक हो तो एक से अधिक विकल्प का चयन किया जा सकता है।)

1. विद्यालय प्रबंधन समिति/विद्यालय विकास प्रबंधन समिति के सदस्यों की संख्या–
2. विद्यालय प्रबंधन समिति/विद्यालय विकास प्रबंधन समिति का गठन: (बॉक्स में दिए गए प्रत्येक श्रेणी के लिए सदस्यों की संख्या दीजिए।)

   क. माता–पिता ______ ख. अध्यापक __________ ग. महिलाएँ ________________

   घ. अल्पसंख्यक______ ङ. स्थानीय निकाय _____ च. अनुसूचित जाति/जनजाति __
3. पिछले शैक्षिक सत्र में आयोजित की गई बैठकों की संख्या ____________________
4. पिछले शैक्षिक सत्र में आयोजित की गई बैठकों में सदस्यों की औसत उपस्थिति
5. विद्यालय प्रबंधन समिति/विद्यालय विकास प्रबंधन समिति के सदस्यों की संख्या

   जिन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त किया है ________________________________________
6. उन क्षेत्रों/गतिविधियों का विवरण जिनमें विद्यालय प्रबंधन समिति/विद्यालय विकास प्रबंधन समिति ने पिछले वर्ष विद्यालय को सहयोग प्रदान किया है–

| मूल मानक | विवरण | | |
|---|---|---|---|
| | स्तर 1 | स्तर 2 | स्तर 3 |
| विद्यालय प्रबंधन समिति/विद्यालय विकास प्रबंधन समिति का गठन और प्रबंधन | बैठक एक पूर्व निर्धारित एजेंडे के बिना आयोजित की जाती है; केवल कुछ सदस्य ही बैठकों में भाग लेते हैं; विद्यालय प्रबंधन समिति/विद्यालय विकास प्रबंधन समिति मुख्य रूप से वित्त और बुनियादी सुविधाओं से संबंधित मामलों में निर्णय लेती है। | बैठकें पूर्व सूचना और तय एजेंडे के साथ आयोजित की जाती है; अधिकांश सदस्य बैठकों में शामिल होकर चर्चा में भाग लेते हैं; विद्यालय प्रबंधन समिति/विद्यालय विकास प्रबंधन समिति वित्त और बुनियादी सुविधाओं के अलावा अन्य मुद्दों पर भी निर्णय लेती है। | विद्यालय प्रबंधन समिति/विद्यालय विकास प्रबंधन समिति की बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाती हैं पर ज़रूरत पड़ने पर अतिरिक्त बैठकें भी आयोजित की जाती हैं; बैठकों में महत्त्वपूर्ण मुद्दों की पहचान की जाती है और उनका हल निकालने की योजना बनाई जाती है; विद्यालय प्रबंधन समिति/विद्यालय विकास प्रबंधन समिति बैठकों में लिए गए निर्णयों के क्रियान्वयन को सहज बनाती है, निगरानी करती है और समीक्षा करती है। |
| विद्यालय के सुधार में विद्यालय प्रबंध समिति/विद्यालय विकास प्रबंधन समिति की भूमिका | विद्यालय प्रबंधन समिति/विद्यालय विकास प्रबंधन समिति को शिक्षा के अधिकार अधिनियम, 2009 के प्रावधानों के साथ–साथ विद्यालय से संबंधित सर्वशिक्षा अभियान, राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के प्रावधानों के बारे में पता होता है; विद्यालय विकास योजना को विद्यालय प्रबंधन समिति/विद्यालय विकास प्रबंधन समिति की बैठकों में साझा किया जाता है। | विद्यालय प्रबंधन समिति/विद्यालय विकास प्रबंधन समिति शिक्षा के अधिकार अधिनियम, 2009 के साथ ही सर्वशिक्षा अभियान/राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के प्रावधानों के क्रियान्वयन में मदद तथा अनुपालन सुनिश्चित करती है; गतिविधियों की सलाह देती है जिनपर विद्यालय विकास योजना में तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है; समुदाय के साथ सर्वशिक्षा अभियान/राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के साथ–साथ शिक्षा के अधिकार अधिनियम, 2009 से संबंधित जानकारी साझा करती है। | विद्यालय प्रबंधन समिति/विद्यालय विकास प्रबंधन समिति विद्यालय की मूल्यांकन प्रक्रिया में भाग लेती हैं– विकास के लिए आवश्यकताओं की पहचान करने और उसे प्राथमिकता प्रदान करने में मदद करती है। समिति शिक्षकों के साथ संयुक्त रूप से विद्यालय विकास योजना तैयार करती है और सर्वांगीण विकास के लिए इसके क्रियान्वयन पर नज़र रखती है। |

| मूल मानक | विवरण | | |
|---|---|---|---|
| | स्तर 1 | स्तर 2 | स्तर 3 |
| विद्यालय–समुदाय का आपसी संबंध | माता–पिता और समुदाय के सदस्यों को विद्यालय के कार्यक्रमों में आमंत्रित किया जाता है; विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं और वर्तमान में सामने आ रही चुनौतियों के बारे में माता–पिता को बताया जाता है। | विद्यालय समुदाय के साथ सूचना का आदान–प्रदान करता है और सामाजिक–आर्थिक परिवेश, नामांकन, उपस्थिति आदि जैसे बच्चों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करता है; विद्यालय प्रबंधन समिति संसाधनों का उपयोग विद्यालय के रखरखाव और उसकी सुविधाओं में सुधार के लिए करती है; विद्यालय और समुदाय संयुक्त रूप से विद्यालय और समुदाय में कार्यक्रम आयोजित करते हैं। | विद्यालय और समुदाय संयुक्त रूप से विद्यालय की ज़रूरतों का आकलन करते हैं; उपलब्ध संसाधनों की पहचान करते हैं; योजना बनाते हैं और विद्यालय के विकास के लिए उनका बेहतर इस्तेमाल करते हैं; विद्यालय और समुदाय अन्य संसाधन जुटाने के लिए गैर–सरकारी संगठनों, कॉरपोरेट निकायों और पूर्व छात्र जैसे अन्य स्रोतों तक पहुँचते हैं। |
| अधिगम के संसाधनों के रूप में समुदाय | समुदाय की तरफ़ से उपलब्ध मदद से विद्यालय आसपास के संस्थानों और रुचि के स्थानों का भ्रमण करने की व्यवस्था करता है। | विद्यालय समुदाय की संस्कृति, मौखिक इतिहास और परंपरागत ज्ञान (लोकगीत, कला और शिल्प, कृषि पद्धतियों, आदि) के बारे में बच्चों की समझ को विकसित करने में पहल करता है; समुदाय के विशिष्ट लोगों और महत्वपूर्ण स्थानों के फोटो और चित्रों को प्रदर्शित किया जाता है; स्थानीय कारीगरों और कलाकारों को विद्यार्थियों के साथ बातचीत करने के लिए आमंत्रित किया जाता है। | स्थानीय समुदाय के ज्ञान और कौशल को विद्यालय एक नियोजित और संगठित तरीके–से विभिन्न विषयों और कक्षाओं में शिक्षण–अधिगम–प्रक्रिया में शामिल करता है; विद्यालय बच्चों के व्यावसायिक कौशलों का विशिष्ट रूप से विकास करने के लिए समुदाय का अधिगम–परिवेश के रूप में उपयोग करता है। |

| मूल मानक | विवरण | | |
|---|---|---|---|
| | स्तर 1 | स्तर 2 | स्तर 3 |
| समुदाय का सशक्तीकरण | विद्यालय प्रबंधन समिति विद्यालय विकास योजना के क्रियान्वयन के लिए आवश्यक अतिरिक्त संसाधन और उन्हें जुटाने के लिए संभावित स्रोतों की पहचान करती है। | विद्यालय प्रबंधन समिति अपने संसाधनों का उपयोग विद्यालय के रखरखाव और उसकी सुविधाओं में सुधार के लिए करती है; विद्यालय और समुदाय संयुक्त रूप से विद्यालय में और समुदाय में कार्यक्रम आयोजित करते हैं। | विद्यालय और समुदाय अन्य संसाधन जुटाने के लिए गैर सरकारी संगठनों, कॉरपोरेट निकायों और पूर्व–विद्यार्थियों जैसे अन्य स्रोतों तक पहुँचते हैं; विद्यालय में सफ़ाई अभियान, साक्षरता अभियान, लैंगिक और सामाजिक भेदभाव के खिलाफ जागरूकता अभियान आदि का आयोजन किया जाता है; विद्यालय में सामुदायिक सहभागिता से संबंधित अच्छी प्रथाओं को साझा करने के लिए सक्रिय रूप से ऑनलाइन प्लेटफार्म उपलब्ध कराए जाते हैं। |

## साक्ष्य–स्रोत

| | |
|---|---|
| संदर्भीय स्रोत (मानक/ दिशानिर्देश/ रजिस्टर/ शासकीय आदेश) | ➢ सर्व शिक्षा अभियान के क्रियान्वयन की रूपरेखा : अध्याय–5 (पृष्ठ 83–91), अध्याय–9 (पृष्ठ 137–139)<br>(http://mhrd.gov.in/sites/upload_files/mhrd/files/upload_document/SSA-Frame-work.pdf)<br>➢ राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के क्रियान्वयन की रूपरेखा :अध्याय–2 (पृष्ठ 7), अध्याय–4 (पृष्ठ 65, पृष्ठ 79), अध्याय–6 (पृष्ठ 43–45) तथा अध्याय–7 (पृष्ठ 53–57)<br>(http://mhrd.gov.in/sites/upload_files/mhrd/files/upload_document/Framework_Final_RMSA_3.pdf)<br>➢ राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखाः अध्याय–2 (पृष्ठ 30–34), अध्याय–4 (पृष्ठ 88–89)<br>(NCF-2005: http://www.ncert.nic.in/rightside/links/pdf/framework/english/nf2005.pdf)<br>➢ शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009: अध्याय–3 (धारा 10, पृष्ठ 5) अध्याय–4 (धारा 21, 22, पृष्ठ 7), एवं अध्याय–7 (पृष्ठ 10–11 पर धारा 35, 38)<br>(http://ssa.nic.in/rte-docs/free%20and%20compulsory.pdf) |
| विद्यालय में उपलब्ध साक्ष्य | ➢ विद्यालय प्रबंधन समिति/विद्यालय विकास प्रबंधन समिति रजिस्टर जिसमें निम्न विवरण होते हैं–<br>क. विद्यालय प्रबंधन समिति/विद्यालय विकास प्रबंधन समिति का गठन, सदस्यों की सूची<br>ख. बैठकों का एजेंडा और कार्य–विवरण<br>ग. सदस्यों की उपस्थिति का विवरण<br>घ. पिछली बैठक के पश्चात लिए गए फॉलो–अप निर्णयों और किए गए कार्यों की समीक्षा<br>ङ. विद्यालय विकास योजना बनाने पर की गई चर्चा का विवरण<br>च. मूल्यांकन, निरीक्षण और योजनाओं के क्रियान्वयन में विद्यालय प्रबंधन समिति/ विद्यालय विकास प्रबंधन समिति की सहभागिता<br>➢ बैठक के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति/विद्यालय विकास प्रबंधन समिति को आमंत्रित करने की व्यवस्था (पूर्व सूचना) का रिकॉर्ड<br>➢ सामुदायिक सहभागिता के आधार पर शिक्षण–अधिगम की योजना<br>➢ विद्यालय की सुविधाओं को सुधारने में समुदाय का सहयोग जैसे– खेलने के मैदान को समतल करना, चारदीवारी, पीने का पानी, आईसीटी सुविधाएँ, पुस्तकालय, विद्यालय के बगीचे, आदि को सुधारने में सहयोग करना<br>➢ समुदाय से संबंधित कहानियाँ,स्थानीय कला, लोकगीत, संगीत, कला, शिल्प, कृषि प्रथाएँ, गाँव के वरिष्ठ नागरिकों के द्वारा स्थानीय इतिहास के बारे में जानकारी साझा करने के लिए व्यवस्था करना<br>➢ अधिगम के स्रोतों के रूप में आयोजित किए गए शैक्षिक भ्रमण स्थलों, समुदाय के संस्थानों जैसे– ग्राम पंचायत, डाकखाना और कृषि क्षेत्रों में किए गए भ्रमण का विवरण। |

| | |
|---|---|
| साक्ष्य जिनकी विद्यालय को बनाने की आवश्यकता है | निम्नलिखित उपकरण/युक्तियों का प्रयोग करके विद्यालय साक्ष्यों का निर्माण कर सकता है–<br>➢ शैक्षिक वर्ष की शुरूआत में नामांकन के लिए किए गए सर्वेक्षण।<br>➢ उन कार्यक्रमों का विवरण जिसमें विद्यालय और समुदाय ने सहभागिता की हो।<br>➢ समुदाय से प्राप्त सुझाव जिन्हें अपनाया गया है।<br>➢ समुदाय, ग्राम पंचायत आदि से दान/योगदान के रूप में प्राप्त सहायता। |

## नवाचार

यदि विद्यालय के द्वारा इस आयाम के अंतर्गत कोई नवाचार किया गया है, तो उसे यहाँ लिखें–

## समुदाय की गुणात्मक सहभागिता

| मूल मानक | स्तर 1 | स्तर 2 | स्तर 3 |
|---|---|---|---|
| विद्यालय प्रबंधन समिति/विद्यालय विकास प्रबंधन समिति का गठन और प्रबंधन | | | |
| विद्यालय के सुधार में विद्यालय प्रबंधन समिति की भूमिका | | | |
| विद्यालय–समुदाय का आपसी संबंध | | | |
| अधिगम के संसाधनों के रूप में समुदाय | | | |
| समुदाय का सशक्तीकरण | | | |

## सुधार के लिए योजना

| मूल मानक | स्तर | सुधार के क्षेत्र | सुधार–क्षेत्र का प्राथमिकता क्रम | | | प्रस्तावित कार्य | समय–सीमा (उचित वर्ष पर (✓) निशान लगाएँ) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | निम्न | मध्यम | उच्च | | वर्ष–1 | वर्ष–2 | वर्ष–3 |
| विद्यालय प्रबंधन समिति/विद्यालय विकास प्रबंधन समिति का गठन और प्रबंधन | | | | | | | | | |
| विद्यालय के सुधार में विद्यालय प्रबंधन समिति की भूमिका | | | | | | | | | |
| विद्यालय–समुदाय का आपसी संबंध | | | | | | | | | |
| अधिगम के संसाधनों के रूप में समुदाय | | | | | | | | | |
| समुदाय का सशक्तीकरण | | | | | | | | | |

## टिप्पणी

# Document Outline


- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_001
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_002
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_003
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_004
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_005
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_006
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_007
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_008
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_009
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_010
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_011
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_012
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_013
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_014
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_015
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_016
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_017
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_018
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_019
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_020
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_021
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_022
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_023
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_024
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_025
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_026
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_027
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_028
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_029
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_030
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_031
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_032
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_033
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_034
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_035
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_036
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_037
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_038
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_039
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_040
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_041
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_042
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_043
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_044
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_045
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_046
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_047
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_048
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_049
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_050
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_051
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_052
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_053
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_054
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_055
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_056
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_057
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_058
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_059

- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_060
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_061
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_062
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_063
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_064
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_065
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_066
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_067
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_068
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_069
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_070
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_071
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_072
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_073
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_074
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_075
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_076
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_077
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_078
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_079
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_080
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_081
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_082
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_083
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_084
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_085
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_086
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_087
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_088
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_089
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_090
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_091
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_092
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_093
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_094
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_095
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_096
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_097
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_098
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_099
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_100
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_101
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_102
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_103
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_104
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_105
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_106
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_107
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_108
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_109
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_110
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_111
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_112
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_113
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_114
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_115
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_116
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_117
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_118
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_119
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_120
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_121
- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_122

- 3-Dilli Shaala Siddhi_Page_123